आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 12.01.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय युवा दिवस पर आज नई दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद में तीन हज़ार युवा नेताओं के साथ बातचीत करेंगे।

2. गृहमंत्री अमित शाह ने ड्रग डिस्पोजल पखवाड़ा और सभी राज्यों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों के लिए मानस–2 हेल्पलाइन के विस्तार का उद्घाटन किया।

3. ड्रग डिस्पोजल पखवाड़ा अभियान मनाए जाने के सिलसिले में कल अंडमान निकोबार पुलिस ने नशीले पदार्थ को नष्ट करना आरंभ कर दिया है।

4. स्वास्थ्य सेवा उप–निदेशक डॉ. अविजित रॉय ने कहा कि एच एम पी वी वायरस सामान्य सर्दी और फ्लू जैसे लक्षणों के साथ दिखाई देती है।

5. दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन की ओर से गणतंत्र दिवस समारोह के सिलसिले में विभिन्न विभागों के लिए कार्य योजना तैयार की गई है।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय युवा दिवस पर आज दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद में तीन हजार युवा नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान युवा नेता प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृ ष्टिकोण पर अपनी प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर श्री मोदी जनसभा को संबोधित भी करेंगे। नई दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद के पहले दिन कल केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि यह कार्यक्रम बिना राजनीतिक सम्पर्क के राजनीति में एक लाख युवाओं को शामिल करने संबंधी प्रधानमंत्री के स्वाधीनता दिवस के आह्वान के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ बातचीत के बाद सरकार विभिन्न वार्षिक नेतृत्व और सामाजिक सेवा कार्यक्रम आयोजित करेगी। सरकार उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहुंच भी प्रदान करेगी। डॉ0 मांडविया ने कहा कि युवाओं को संवाद के जरिये इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ, उद्योगपति आनंद महिन्द्रा और जी–20 के पूर्व शेरपा अमिताभ कांत जैसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिल रहा है।

<><><><><><>

पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा ने राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन और शिक्षाएं पीढ़ियों तक लोगों को प्रेरित करती रहेगी और हर युवा के भीतर छिपी असीम क्षमता की याद दिलाएगी।

<><><><><><><>

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि वर्ष दो हजार चौबीस में सोलह हजार नौ सौ करोड़ रूपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किये गये हैं। यह स्वाधीनता के बाद सबसे बड़ा आंकड़ा है। नई दिल्ली में कल मादक पदार्थ तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए श्री शाह ने कहा कि लगभग चौबीस लाख किलोग्राम नशीले पदार्थ जब्त किये गये, जबकि पिछले दस वर्ष में छप्पन हजार आठ सौ करोड़ रूपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ नष्ट किये गये हैं। कार्यक्रम के दौरान गृहमंत्री ने ड्रग डिस्पोजल पखवाड़ा और सभी राज्यों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों के लिए मानस–2 हेल्पलाइन के विस्तार का उद्‌घाटन किया। ड्रग डिस्पोजल पखवाड़ा अभियान कल से शुरू होकर पच्चीस जनवरी तक चलेगा। इस अवधि के दौरान दो हजार चार सौ ग्यारह करोड़ रूपये मूल्य के कुल चवालीस हजार सात सौ बानब्बे किलोग्राम जब्त मादक पदार्थों को नष्ट किया जाएगा।

<><><><><><><>

इस बीच, ड्रग डिस्पोजल पखवाड़ा अभियान मनाए जाने के सिलसिले में कल अंडमान निकोबार पुलिस ने देश में अब तक की सबसे बड़ी ज़ब्त की गई लगभग छः हजार किलोग्राम नशीले पदार्थ को नष्ट करना आरंभ कर दिया है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग छत्तीस हजार करोड़ रूपये है। पुलिस महानिदेशक हरगोबिन्दर सिंह धालीवाल की देख–रेख में निपटान प्रक्रिया कल सुबह से आरंभ हुई। यह कार्यक्रम पुलिस महानिरीक्षक गीता रानी वर्मा की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय ड्रग निपटान समिति के तत्वावधान में शुरू हुई। इस समिति में सी आई डी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक मोहम्मद इरशाद हैदर, अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जी बी पंत अस्पताल के प्रतिनिधि शामिल हैं। इस पूरी प्रक्रिया को देश के ग्यारह अलग–अलग स्थानों से सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर प्रशासन के मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार और गृह सचिव नीरज भारती भी शामिल हुए।

<><><><><><><>

विश्व स्तर पर फैले एच एम पी वी वायरस के संबंध में स्वास्थ्य सेवा उप–निदेशक डॉ. अविजित रॉय ने कहा कि यह वायरस सामान्य सर्दी और फ्लू जैसे लक्षणों के साथ दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि इस वायरस से घबराने की आवश्यकता नहीं है और इसके लक्षण दो से तीन दिनों में कम हो जाते हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन की ओर से गणतंत्र दिवस समारोह के सिलसिले में विभिन्न विभागों के लिए कार्य योजना तैयार की गई है। मुख्य समारोह मरीना पार्क रोड में आयोजित किया जाएगा। रिहर्सल के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न विभागों को निर्देश जारी किए गए हैं। समारोह के लिए स्थल प्रबंधन के लिए खेल निदेशालय विभिन्न विभागों के साथ समन्वय करेगा। इसके लिए स्थल प्रभारी के एक नोडल अधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। अंडमान लोक निर्माण विभाग को समारोह स्थल से संबंधित सभी कार्य समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करने को कहा गया है। गणतंत्र दिवस समारोह, फुल ड्रेस रिहर्सल और बिटिंग रिट्रीट समारोह के लिए यातायात और पार्किंग प्रबंधन के लिए पुलिस विभाग को निर्देश जारी किया गया है।

<><><><><><><>

फरारगंज तहसील के अंतर्गत होपटाउन ग्राम पंचायत के उप–चुनाव को देखते हुए दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त ने आज और पन्द्रह जनवरी को ड्राई–डे घोषित किया है। इस दौरान किसी भी शराब की दुकान, होटल, रेस्तरां, क्लब, शराब बेचने वाले प्रतिष्ठानों को शराब बेचने या परोसने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा अनिडको, सी एस डी कैन्टीन, सभी सैन्य कैन्टीन, पुलिस मेस और निजी बार लाइसेंसधारियों पर भी यह नियम लागू होगा।

उधर, उत्तर और मध्य अंडमान जिले के उपायुक्त ने डिगलीपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत नबाग्राम के पश्चिमसागर के ग्राम पंचायत समिति सदस्य और नबाग्राम – एक के ग्राम पंचायत सदस्य निर्वाचन क्षेत्र के लिए उप–चुनाव के संबंध में आज और पन्द्रह जनवरी को ड्राई–डे घोषित किया है।

<><><><><><><>

डिगलीपुर पुलिस और कृषि विभाग द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर डिगलीपुर के आर के ग्राम स्थित गोदाम में अवैध रूप से भण्डारित रासायनिक एवं जैव उर्वरकों का पता लगाया गया। हाल ही में उर्वरकों के अवैध भण्डारण, आयात एवं बिक्री के संबंध में सूचना एस डी पी ओ अंकेश यादव, और कृषि विभाग के सहायक निदेशक आरती सिंह को दी गई। एसडीपीओ के नेतृत्व में दल का गठन किया गया। दल ने गोदाम में

छापा मारकर उर्वरक को ज़ब्त कर लिया। यह पूरी कार्रवाई एस.डी.पी.ओ और पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगाथन की देख–रेख में की गई।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत कल लिटिल अंडमान के पंचायत समिति हॉल में 'सामुदायिक विकास के लिए एस.एच.जी. और पी आर आई के बीच तालमेल बनाने' के लिए एक ब्लॉक–स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य ई.डब्ल्यू.आर, एस.एच.जी. और सी.आर.पी. सहित स्थानीय अधिकारियों को शामिल करना था। प्रशिक्षण का उद्‌घाटन लिटिल अंडमान के खण्ड विकास अधिकारी बेल्थेजर ने किया। एस. परमेश्वरी, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक ने एस.एच.जी और पी.आर.आई की बुनियादी बातों और एस. एच.जी. और पी.आर.आई के बीच अभिसरण पर प्रकाश डाला। क्लस्टर समन्वयक कृष्ण कांता गोल्धार, ने एस एच जी और पी आर आई की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों पर एक संक्षिप्त विवरण दिया। मोहम्मद आरिफ, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, ने सतत विकास के लिए संसाधनों और विशेषज्ञता का लाभ उठाने, स्वयं सहायता समूहों और पी आर आई के लिए सामान्य लक्ष्यों और उद्देश्यों की पहचान करने, एन आर एल एम प्लेटफार्मों और स्वयं सहायता समूहों और पी आर आई के बीच तालमेल और सहयोग के क्षेत्रों की पहचान करने पर गहन सत्र प्रदान किया।

<><><><><><><>